# बिहार सरकार
## वाणिज्य–कर विभाग
### आदेश

संचिका संख्या :–6/अ0–03–02/2014 पटना, दिनांक :–..................

वित विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–1115 दिनांक–02.02.2023 द्वारा श्री राजीव रंजन प्रसाद, तत्कालीन आंतरिक वित्तीय सलाहकार, उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सेवा उनके पैतृक विभाग (वाणिज्य–कर विभाग) को वापस की गयी। उक्त अधिसूचना के आलोक में श्री प्रसाद द्वारा दिनांक–14.03.2023 के आंतरिक वित्तीय सलाहकार का प्रभार त्याग करते हुए राज्य–कर उपायुक्त, मुख्यालय, बिहार, पटना के पद पर योगदान किया गया।

2. तत्पश्चात वे दिनांक–15.03.2023 से 11.04.2023 तक उपार्जित अवकाश में रहे जिसकी स्वीकृति विभागीय अधिसूचना संख्या–2465 दिनांक–04.06.2024 द्वारा प्रदान की गयी है। उपार्जित अवकाश के उपभोगोपरान्त श्री प्रसाद द्वारा दिनांक–12.04.2023 को पूर्वाह्न में मुख्यालय में योगदान किया गया।

3. विभागीय अधिसूचना संख्या–2230 दिनांक–30.06.2023 द्वारा श्री प्रसाद का पदस्थापन राज्य–कर उपायुक्त, केन्द्रीय वसूली कोषांग, पटना में किया गया जिसके आलोक में श्री प्रसाद द्वारा दिनांक–04.07.2023 के पूर्वाह्न में राज्य–कर उपायुक्त, केन्द्रीय वसूली कोषांग पटना के पद पर योगदान दिया गया।

4. विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–4525 दिनांक–17.10.2024 के द्वारा दिनांक–03.07.2023 को 01 दिन का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

5. इस प्रकार श्री राजीव रंजन प्रसाद, राज्य–कर उपायुक्त, केन्द्रीय वसूली कोषांग, पटना द्वारा दिनांक–12.04.2023 से 02.07.2023 (बेरासी दिनों) तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी प्रभार रहित अवधि को वित्त विभाग के पत्रांक–10128, दिनांक–26.12.2003 के आलोक में कर्त्तव्य अवधि के रूप में विनियमित किया जाता है।

6. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(ज्योति प्रकाश)
सरकार के अवर सचिव,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–6/अ0–03–02/2014 571 पटना, दिनांक :– 31/01/25

प्रतिलिपिः– प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं ह0) का कार्यालय, वीरचंद पटेल पथ, बिहार, पटना/~~वित्त~~ (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/समाहरणालय कोषागार, पटना/राज्य–कर अपर आयुक्त, वसूली कोषांग, केन्द्रीय प्रमंडल, पटना/लेखा शाखा, वाणिज्य–कर विभाग एवं श्री राजीव रंजन प्रसाद, राज्य–कर उपायुक्त, केन्द्रीय वसूली कोषांग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/01/25

सरकार के अवर सचिव,
बिहार, पटना।